Naidunia (Indore), 29th June 2026, Page – 08

आइआइटी में दो नई लैब शुरू आइटीआइ के साथ एमओयू

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : युवाओं को बेहतर तकनीकी शिक्षा और रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) इंदौर और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी-इंदौर) मिलकर कौशल विकास के क्षेत्र में नई पहल की है। आइआइटी में दो नई लैब शुरू की गई है। इसे लेकर दोनों संस्थानों के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया गया। जहां तकनीकी प्रशिक्षण, नई तकनीकों व नवाचार, अनुसंधान के बारे में विद्यार्थियों को बताएंगे। इससे आइटीआइ के विद्यार्थियों को आधुनिक मशीनों, नई तकनीकों और उद्योगों की जरूरतों के अनुसार प्रशिक्षण मिल सकेंगे। साथ ही उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। शासकीय संभागीय आइटीआइ इंदौर की प्राचार्य रीना सोलंकी और ट्रेनिंग, प्लेसमेंट एवं अपरेंटिसशिप एडवाइजर विपिन पुरोहित ने बताया कि यह पहल प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान एवं उद्योग आधारित प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। आइआइटी इंदौर में एएनआरएफ-पेयर सक्षम परियोजना के तहत स्थापित अत्याधुनिक अनुसंधान प्रयोगशालाओं का शनिवार को उद्घाटन हुआ है।